# हिन्दी

(www.tiwariacademy.com)

(बसंत)(पाठ 12)(कंचा)

(कक्षा 7)

*प्रश्न अभ्यास*

**कहानी से**

**प्रश्न 1:**

कंचे जब जार से निकलकर अप्पू के मन की कल्पना में समा जाते हैं, तब क्या होता है ?

**उत्तर 1:**

कंचे जब जार से निकलकर अप्पू की कल्पना में समा जाते हैं तो वह उनकी दुनिया में ही खोकर रह जाता है और दोस्तों से अलग अपने आपको अकेला ही कंचों के बीच में पाता है जिनमें कोई कंचा सफेद लकीर को है तो कोई हरी लकीर वाला है । वह उन कंचों की दुनिया में ही खोकर रह जाता है और कक्षा में पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाता है इसीलिए मास्टर जी उसे सजा देते हैं ।

**प्रश्न 2:**

दुकानदार और ड्राइवर के सामने अप्पू की क्या स्थिति है ? वे दोनों उसको देखकर पहले परेशान होते हैं, फिर हँसते हैं। कारण बताइए।

**उत्तर 2:**

दुकानदार और ड्राइवर के सामने अप्पू एक भोला–भाला निरीह सा बच्चा लगता है । दोनों ही उसकी मासूमियत को पहचान जाते हैं दुकान पर जब अप्पू सिर्फ कंचे देखता रहता है । जिससे दुकानदार को डर लगता है कि कहीं कंचे का जार अप्पू न तोड़ दे , लेकिन जब अप्पू शाम को घर जाते समय वह कंचे का कंटर खरीदता है तो दुकानदार को खुशी होती है । वहीं दूसरी ओर जब उसके कंचे सड़क पर बिखर जाते हैं तो वह बिना ट्रैफिक की परवाह किए हुए कंचों को बटोरने लगता है जिसे देखकर ड्राइवर को उसकी मासूमियत पर पर प्यार आ जाता है ।

**प्रश्न 3:**

'मास्टर जी की आवाज अब कम ऊँची थी। वे रेलगाड़ी के बारे में बता रहे थे।'मास्टर जी की आवाज धीमी क्यों हो गई होगी ? लिखिए।

**उत्तर 3:**

अप्पू का सारा ध्यान कंचों की दुनिया में खोया हुआ था , वह कक्षा में होकर भी नहीं था । जैसे जैसे वह कंचों की दुनिया में खोता जा रहा था , वह कक्षा से दूर होता जा रहा था । इसीलिए उसे मास्टर जी की आवाज धीमी लग रहीं थी जबकि मास्टर जी कक्षा में अपनी पूरी आवज में बोल रहे थे ।

## कहानी से आगे

**प्रश्न 1:**
कंचे, गिल्ली–डंडा, गेंदतड़ी (पिट्ठू ) आदि कई खेल ऐसे हैं , जो बच्चों में बहुत लोकप्रिय हैं । आपके इलाके में कौन–कौन से खेल खेले जाते हैं । उनकी एक सूची बनाइए।

**उत्तर 1:**
बच्चे अपनी इच्छानुसार अपने इलाके में खेले जाने वाले खेलों की सूची बनाकर कक्षा में प्रस्तुत करेंगे।

## अनुमान और कल्पना

**प्रश्न 1:**
जब मास्टर जी अप्पू से सवाल पूछते हैं तो वह कौन सी दुनिया में खोया हुआ था ? क्या आपके साथ भी कभी ऐसा हुआ है कि आप किसी दिन क्लास में रहते हुए भी क्लास से गायब रहे हों ? ऐसा क्यों हुआ और आप पर उस दिन क्या गुजरी ? अपने अनुभव लिखिए।

**उत्तर 1:**
जब मास्टर जी अप्पू से सवाल पूछते हैं तो वह अपनी कंचों की दुनिया में खोया हुआ था । इसके आगे बच्चे अपने –अपने अनुभव से अपनी आपबीती कक्षा में प्रस्तुत करेंगे ।

**प्रश्न 2:**
आप कहानी को क्या शीर्षक देना चाहेंगे ?

**उत्तर 2:**
हम इस कहानी को नया शीर्षक मासूम बच्चा देना चाहेंगे ।

**प्रश्न 3:**
गुल्ली–डंडा और क्रिकेट में कुछ समानता है और कुछ अंतर। बताइए, कौन सी समानताएँ हैं और क्या–क्या अंतर हैं ?

**उत्तर 3:**
गुल्ली डंडा और क्रिकेट में यही समानता है कि दोनों में ही एक के पीछे पूरी टीम भागती है । क्रिकेट में एक गेंद के पीछे तो गुल्ली डंडा में एक गुल्ली के पीछे। दोनों में अंतर यह हैं कि एक अंर्तराष्ट्रीय स्तर खेला जाता है तो दूसरा गली मोहल्लों में खेला जाता है ।